आयोजन | ब्राह्मण समाज सिहोरा ने किया 100 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित

# विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें : इंदू तिवारी



**सिहोरा, नवभारत।** अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसको भेदना ही सफलता है जिसमें संघर्ष और संभावना बहुत है, विपरीत परिस्थितियों में भी आगे बढ़ना ब्राह्मण की आन्तरिक शक्ति का प्रतीक है। उक्ताशय के उदगार सुशील इंदू तिवारी विधायक पनागर ने ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा रुकमणी पैलेस में आयोजित मेधावी छात्र-छात्रा एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए।

आयोजन सियावल्लभ दास वेदांती महाराज के पावन सानिध्य एंव पूर्व विधायक दिलीप दुबे, समाज के अध्यक्ष राकेश पाठक की अध्यक्षता, संध्या दुबे नगर पालिका अध्यक्ष, रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद पंचायत अध्यक्ष, संरक्षक प्रकाश पांडे, अश्वनी कुमार पाठक, नंदकुमार परोहा, जयप्रकाश दुबे के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया।

### सिहोरा का नाम करें रोशन

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष ने कहा कि 18 वर्षों से चल रहे प्रतिभाशाली छात्रों एवं वरिष्ठ जनों के सम्मान में ब्राह्मण प्रतिभाओं में ऊर्जा का संचार हो और वह न केवल राष्ट्र अपितु विश्व में अपने कार्यों के माध्यम से सिहोरा का नाम रोशन करें।

### इन अतिथियों का किया स्वागत

अतिथियों एवं बच्चों का स्वागत महामंत्री प्रवीण कुररिया, नरेन्द्र त्रिपाठी, गोपाल पाठक, सुनील तिवारी नंदू, रवि दुबे, राजेश मिश्रा, राजकिशोर तिवारी, अशोक उपाध्याय, शैलेन्द्र दुबे, सतेन्द्र तिवारी, राजू तिवारी, अरविंद उपाध्याय, आलोक पांडे, धर्मशीला दुबे, प्रीति दुबे, स्मिता कुररिया, माधव मिश्रा, राजेन्द्र दुबे, रीता शुक्ला पार्षद, अनिल कुररिया, शिशिर पांडे, सुनील तिवारी, अनिल दुबे, राजेन्द्र गर्ग, निधि तिवारी, नीलम तिवारी, आरती तिवारी, अनिरूद्ध त्रिवेदी, नवनीत शुक्ला आदि ने किया।

**बुजुर्गों का शॉल श्रीफल से किया सम्मान**

डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि मौके पर डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया है। जांच के लिए पांच टीमें बनाई गई हैं। सभी टीमें संदिग्ध जगहों की जांच करेगी। खेतों, तालाबों, हाथियों के मल और तालाबों की जांच की जाएगी। इसके अलावा, हाथियों के पगमार्क के आधार पर भी देखा जाएगा कि कहीं कोई पॉइजन वाला पदार्थ तो नहीं खाया।

# बाघ शावक के सिर में फ्रैक्चर और गले पर मिले घाव

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा**
**धमोखर में शावक की मौत का मामला**



**चिल्हारी नवभारत 19 जुलाई।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के धमोखर परिक्षेत्र में एक मादा बाघ शावक की मौत का मामला सामने आया है। शावक के पोस्टमार्टम में उसके शरीर पर गंभीर चोटों का खुलासा हुआ है। जांच में शावक के सिर की हड्डियों में फ्रैक्चर और गले के पास गहरे घाव मिले हैं।

वन विभाग ने जरूरी नमूने इकट्ठा कर जांच के लिए भेज दिए हैं इस मादा बाघ शावक धमोखर रेंज के बीट धमोखर की सीमा से करीब 500 मीटर दूर ग्राम चापर के राजस्व क्षेत्र में मृत पाई गई थी। सूचना पर पहुंचे बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अमले ने डॉग स्क्वाड और मेटल डिटेक्टर की मदद से घटनास्थल की तलाशी ली, लेकिन वहां कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

### शरीर पर नाखून व दांत के निशान मिले

वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश तोमर ने मौके पर किए शुरुआती टेस्ट में ही शावक के सिर की हड्डियों में फ्रैक्चर और शरीर पर नाखून व दांत के निशान पाए थे। समय की कमी के चलते उस वक्त शव को सुरक्षित रखवा दिया गया था। इसके बाद बांधवगढ़ और संजय टाइगर रिजर्व के वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारियों ने मिलकर शावक का पोस्टमार्टम किया।

### अधिकारियों ने लिए जरूरी सैंपल

पोस्टमार्टम के दौरान वन्यजीव अधिकारियों ने जरूरी सैंपल लिए हैं। फील्ड डायरेक्टर ने बताया कि इस पूरे मामले की गंभीरता से पड़ताल की जा रही है इन नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही शावक की मौत के असली कारणों और परिस्थितियों का अंतिम खुलासा हो सकेगा।

**एक नजर में**



## 6 वर्ष से फरार शातिर आरोपी गिरफ्तार

**चिल्हारी नवभारत।** जिले की थाना इंदवार पुलिस ने हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट के आरोप मे 6 वर्ष से फरार शातिर आरोपी को छिंदवाड़ा जिले से गिरफ्तार की है। मामले में एसडीओपी पीएस परस्ते ने बताया कि पुलिस थाना इंदवार में आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जबकि आरोपी रोहित उर्फ शनि उपाध्याय, आशीष ठाकुर एवं अभिषेक उपाध्याय घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहे थे तथा बार-बार अपना ठिकाना बदल रहे थे।

**अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी-** फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा लगातार तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर सूचना एवं अथक प्रयासों के आधार पर करीब 6 वर्षों से फरार आरोपी रोहित उर्फ शनि कुमार उपाध्याय को जिला छिंदवाड़ा से गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण के अन्य फरार आरोपियों की भी तलाश जारी है तथा पुलिस टीम उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयासरत है।

# ई-टोकन बुकिंग नहीं होने से किसान परेशान

**सेवा सहकारी समिति चिल्हारी में खाद का पर्याप्त स्टॉक**




**चिल्हारी नवभारत 19 जुलाई।** जिले के मानपुर विकासखंड अंतर्गत सेवा सहकारी समिति चिल्हारी में एनपीके खाद एवं यूरिया का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने के बावजूद किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है।

किसानों का कहना है कि टोकन बुकिंग नहीं होने के कारण उन्हें खाद वितरण से वंचित होना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि खरीफ सीजन के दौरान फसलों के लिए समय पर खाद मिलना अत्यंत आवश्यक है, लेकिन टोकन जारी न होने से उन्हें बार-बार समिति के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। किसानों ने मांग की है कि शीघ्र टोकन बुकिंग प्रारंभ कर सभी पात्र किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि खेती का कार्य प्रभावित न हो।

### किसान सहकारी समिति के लगा रहे चक्कर

किसान ओमकार प्रसाद मिश्रा ने नवभारत को बताया बताया कि उनकी धान की नर्सरी पूरी तरह तैयार है, लेकिन पिछले एक सप्ताह से वे ई-टोकन के लिए सेवा सहकारी समिति चिल्हारी के चक्कर लगा रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। उनका कहना है कि समिति में एनपीके खाद और यूरिया का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है, फिर भी टोकन बुकिंग नहीं होने से किसानों को समय पर खाद नहीं मिल रही है।

### ई-टोकन बुकिंग शीघ्र प्रारंभ करने के प्रयास जारी : सिंह

उपसंचालक कृषि संग्राम सिंह ने बताया कि सेवा सहकारी समिति का मैनेजर अवकाश पर है और ई-टोकन बुकिंग की आईडी उसी के पास है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सोमवार को मैनेजर से बात की जाएगी तथा किसानों को खाद वितरण में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए शीघ्र ही ई-टोकन बुकिंग प्रारंभ कराने का प्रयास किया जाएगा।

दिल्ली पुलिस की कार्रवाई का किया विरोध

# सोनम वांगचुक के समर्थन में आप का कैंडल मार्च



**शहपुरा नवभारत 19 जुलाई।** लद्दाख के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक के समर्थन में आम आदमी पार्टी जिला डिंडोरी द्वारा रविवार को विरोध प्रदर्शन एवं कैंडल मार्च आयोजित किया गया।

कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर, नई दिल्ली में पिछले 19 दिनों से अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक को दिल्ली पुलिस द्वारा अचानक हिरासत में लेकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सोनम वांगचुक के समर्थन में नारे लगाए तथा उनकी मांगों को जायज बताते हुए केंद्र सरकार से संवाद स्थापित करने की मांग की। आम आदमी पार्टी जिला डिंडोरी के पदाधिकारियों ने कहा कि सोनम वांगचुक लद्दाख के पर्यावरण संरक्षण, संवैधानिक अधिकारों एवं स्थानीय जनता के हितों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पार्टी नेताओं ने कहा कि यदि जनता की आवाज को दबाने का प्रयास किया जाएगा तो देशभर में लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रहेगा। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार साहू, उपाध्यक्ष अधिवक्ता विनय झारिया, सचिव प्रहलाद परस्ते, अनीश साहू, ओबीसी विंग जिला अध्यक्ष घनश्याम कुशवाहा, जिला संगठन मंत्री देवी प्रसाद साहू, युवा विंग जिला अध्यक्ष टेकचंद, विधानसभा शहपुरा अध्यक्ष दिलीप झारिया, संगठन मंत्री मनोज मिश्रा, उपाध्यक्ष एड अमित गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार साहू, आकाश साहू, नन्द किशोर साहू आदि उपस्थित रहे।



## 148 आदिवासी बच्चों को नि :शुल्क स्टेशनरी साम्रगी का किया वितरण

**अमरपुर, नवभारत 19 जुलाई।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर स्थित बाल विकास विद्या मंदिर हाईस्कूल अमरपुर में जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से बाल विकास विद्या मंदिर समिति अमरपुर द्वारा कक्षा एक से पांचवीं तक अनुदान प्राप्त बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दी जाती हैं।

इसके तहत 148 आदिवासी बच्चों को नि:शुल्क कॉपी, पुस्तक एवं स्टेशनरी साम्रगी वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत उपसरपंच शुभांशु चन्द्रौल, पत्रकार देव सिंह भारती, उमेश कुमार साहू, पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शुद्धू सिंह मरकाम एवं बच्चों के माता-पिता, प्राचार्य शेख साबिर मंसूरी, अरविंद कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने लिया नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प

**रुसा हायर सेकेंडरी स्कूल में चलाया जागरूकता अभियान**



**करंजिया, नवभारत 19 जुलाई।** पुलिस थाना करंजिया द्वारा संचालित 'नशे से दूरी 2.0' अभियान के तहत जनपद मुख्यालय करंजिया के ग्राम रुसा स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार के दिन नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में लगभग 300 से 400 छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पुलिस विभाग की ओर से विद्यार्थियों को नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी गई।

**नशा समाज के विकास में बाधक-** छात्र-छात्राओं को बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज के विकास में भी बाधक बनता है। उन्हें नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ ने 'नशे से दूरी है जरूरी' का सामूहिक संकल्प लेकर समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया।

**लगातार जागरूकता कार्यक्रम हो रहे आयोजित-** अभियान में पुलिस थाना करंजिया की महिला प्रधान आरक्षक संगीता उईके एवं महिला आरक्षक लक्ष्मी तेकाम की विशेष सहभागिता रही। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें जागरूक नागरिक बनने और नशे के खिलाफ जनजागरण अभियान से जुड़ने का संदेश दिया। पुलिस विभाग ने बताया कि 'नशे से दूरी 2.0' अभियान के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# जर्जर छत व खुले सेप्टिक टैंक से बच्चों पर मंडरा रहा खतरा

**मरवारी शाला में कमरों का अभाव**
**शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई**



**शहपुरा नवभारत 19 जुलाई।** विकासखंड शहपुरा की ग्राम पंचायत मरवारी स्थित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षा व्यवस्था बदहाल हालात में संचालित हो रही है। यहां नौनिहाल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से पहले अव्यवस्थाओं से जूझने को मजबूर हैं।

प्राथमिक शाला की पहली से पांचवीं तक की सभी कक्षाएं एक ही कमरे में संचालित की जा रही हैं, जबकि पूर्व माध्यमिक शाला की छठवीं से आठवीं तक की तीनों कक्षाएं भी एक ही कमरे में लग रही हैं। एक ही कक्ष में कई कक्षाओं के संचालन से विद्यार्थियों का अध्ययन प्रभावित हो रहा है और शिक्षकों के सामने भी पढ़ाई कराना बड़ी चुनौती बन गया है। स्थिति सिर्फ कमरों के अभाव तक सीमित नहीं है।

### जगह-जगह उखड़ चुका छत का प्लास्टर

विद्यालय भवन की छतों का प्लास्टर जगह-जगह उखड़ चुका है और सरिया बाहर दिखाई दे रही है। बरसात के मौसम में जर्जर भवन के नीचे बैठकर पढ़ाई करना बच्चों और शिक्षकों दोनों के लिए खतरे से खाली नहीं है।

**तीन अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की मांग**

विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि अतिरिक्त कमरों की आवश्यकता लंबे समय से बनी हुई है। इस संबंध में कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को मौखिक एवं लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों और शिक्षकों ने प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय में तत्काल दो से तीन अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कराया जाए, जर्जर भवन की मरम्मत कराई जाए तथा खुले सेप्टिक टैंक को सुरक्षित कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों को भयमुक्त, सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

# चंदन का पेड़ काटकर ले गए चोर

**चिल्हारी नवभारत।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर परिक्षेत्र में स्थित रेंजर के शासकीय बंगले से चंदन का पेड़ चोरी हो गया। इस घटना के बाद बांधवगढ टाईगर रिजर्व प्रबंधन में हड़कंप मच गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने के लिए पत्र भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार, मानपुर परिक्षेत्र अधिकारी मुकेश अहिरवार के स्थानांतरण के बाद उनका शासकीय आवास खाली पड़ा था। परिसर में चंदन, सागौन सहित कई मूल्यवान पेड़ लगे हुए थे। आरोप है कि चोरों ने पहले सागौन का पेड़ काटा और उसके बाद चंदन का पेड़ भी काटकर ले गए। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और जांच शुरू की। सहायक संचालक मानपुर, नितिन निगम ने बताया कि चंदन का पेड़ चोरी होने की सूचना के बाद पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है और चोरी में शामिल आरोपियों की तलाश जारी है। वन विभाग ने कहा कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# प्रकृति को हरा-भरा रखने एक पेड़ अवश्य लगाएं

**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण किया गया**

**नवभारत, बेलखाड़ू।** भारत तथा राज्य सरकार का पौधा रोपण मिशन एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत ग्राम भर्रा की प्रगति शील महिला कृषक बबीता चौधरी के कृषि परिक्षेत्र में सघन पौधो का रोपण किया गया।

इस दौरान कृषि क्षेत्र में फलदार पेड़ आम, अमरूद, कटहल, नीबू, नारियल तथा शोभादार पेड़ों का पौध रोपण किया गया। इस अवसर पर स्टेट बैंक के सेवा निवृत्त मुख्य प्रबंधक रामकिशन पटेल तथा प्रगतिशील किसान नीरज पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने फलदार पेड़ों का महत्व बताया तथा इन्होंने ग्राम के लोगों से बातचीत कर निवेदन किया कि एक पेड़ माँ के नाम इस वर्षा ऋतु तथा अपने जन्म दिन के अवसर पर भी एक पेड़ लगाकर वायु गुणवत्ता तथा पर्यावरण संरक्षण आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वायू, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य सुरक्षित रहे ऐसासंकल्प प्रत्येक नागरिक को लेना चाहिए।

चातुर्मास | श्रद्धालुओं ने की अगवानी, जगह-जगह किया गया स्वागत

# ब्यौहारी से विहार कर खितौला पहुंचीं आर्यिका सूत्रमति माता



**सिहोरा, नवभारत।** परम पूज्य आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज एवं आचार्य गुरुवर समय सागर महाराज की आज्ञानुवर्ती शिष्या वंदनीय आर्यिका मां सूत्रमति माताजी ससंघ चातुर्मास हेतु ब्यौहारी से लंबा, कठिन एवं मंगलमय विहार करते हुए रविवार को खितौला पधारीं।

उनके पावन आगमन से संपूर्ण खितौला क्षेत्र धर्म, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर हो उठा। जैन समाज सहित नगरवासियों ने श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

नगर प्रवेश के दौरान श्रद्धालुओं ने जयघोष, मंगल गीत, धर्मध्वज और पुष्पवर्षा के साथ आर्यिका संघ की अगवानी की। जैन महिला मंडल द्वारा आकर्षक बैंड की मधुर एवं मनमोहक प्रस्तुति के साथ माताजी का स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों, गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के बीच निकली भव्य स्वागत यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं, युवा एवं बच्चे शामिल हुए। पूरा नगर 'जय जिनेन्द्र' और धर्ममय उद्घोषों से गुंजायमान हो उठा।

आर्यिका सूत्रमति माताजी के नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने अपने घरों के बाहर रंगोली सजाकर, पुष्पवर्षा कर एवं आरती उतारकर उनका भावभीना स्वागत किया। अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने विनयपूर्वक आहार अर्पित किया तथा माताजी के चरणों में वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नगरवासियों की श्रद्धा और भक्ति देखते ही बन रही थी। ब्यौहारी से लंबे विहार के पश्चात वंदनीय आर्यिका माँ सूत्रमति माताजी का ससंघ खितौला आगमन श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत सौभाग्य एवं पुण्य का अवसर माना जा रहा है। समाजजनों ने कहा कि माताजी के पावन सान्निध्य से पूरे क्षेत्र में धार्मिक चेतना, आत्मिक शांति एवं संस्कारों का वातावरण और अधिक सुदृढ़ होगा।

चातुर्मास के दौरान आर्यिका सूत्रमति माताजी के सान्निध्य में प्रतिदिन धर्मसभा, प्रवचन, स्वाध्याय, तप, साधना, जिनपूजन एवं विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का लाभ खितौला सहित आसपास के अनेक नगरों एवं गांवों से आने वाले श्रद्धालु प्राप्त करेंगे। आर्यिका सूत्रमति माताजी के मंगलमय आगमन से पूरे खितौला क्षेत्र में हर्ष, उत्साह और श्रद्धा का वातावरण व्याप्त है। समाजजन चातुर्मास को लेकर विशेष उत्साहित हैं और इसे अपने जीवन का परम सौभाग्य मानते हुए अधिकाधिक संख्या में धार्मिक आयोजनों में सहभागिता का संकल्प ले रहे हैं।